जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

कोटा

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

कोटा, बुधवार 24 सितम्बर, 2025

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर

## 2800 मेगावाट की परमाणु विद्युत परियोजना सहित



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

सेवा ही संकल्प,
राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा... 75 वर्ष



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

विकास पथ पर
आपणो अग्रणी राजस्थान...

# 1 लाख 8 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

15 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र वितरण

जोधपुर, बीकानेर एवं उदयपुर से नई ट्रेनों की शुरुआत

मुख्य अतिथि

## नरेन्द्र मोदी

माननीय प्रधानमंत्री

25 सितम्बर, 2025 I दोपहर 12:00 बजे | स्थान : नापला, छोटी सरवन (बांसवाड़ा)

## आप सादर आमंत्रित हैं

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

## सार-समाचार

### समूहगान प्रतियोगिता आयोजित

**कोटा,** (निसं)। निजी शिक्षण संस्थान आर.के.पुरम में भगत सिंह शाखा भारत विकास परिषद कोटा के तत्वावधान में सेवा प्रकल्प के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने समूहगान प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। यह जानकारी शाखा मीडिया प्रभारी पी.पी.गुप्ता ने दी। गुप्ता ने बताया कि समूहगान प्रतियोगिता मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन केसाथ प्रारंभ हुआ। जिसमें तीन स्कूलों की बालिकाओं ने हिस्सा लिया। शाखा अध्यक्ष ओमप्रकाश दुसाद ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों में राष्टभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और सामूहिकता की भावना को बढ़ावा देना रहा है। इस अवसर पर बालिकाओं ने आकर्षक परिधान में सांस्कृतिक गीतों से बहुत सुंदर प्रस्तुति देकर वातावरण को भावविभोर कर दिया। निर्णायक मण्डल की सदस्य प्रेमलता जैथलिया ने कहा कि हर प्रस्तुति में स्वर व ताल की अद्वितीय झलक मिली, बच्चों ने भारत की विविधता में एकता को गीतों के माध्यम से जीवंत कर दिया। शाखा सचिव ने विजेता टीम महेश्वरी पब्लिक स्कूल की बालिका प्रथम विजेता रही है जिन्हें स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर शाखा अध्यक्ष ओमप्रकाश दुसाद, सचिव अशोक जैथलिया, कोषाध्यक्ष अजय गटटानी, मीडिया प्रभारी पी.पी.गुप्ता, पुरूषोतम माहेश्वरी, सत्यनारायण चाण्डक, आरसी लखोटिया, मधु जैन, तारा झंवर, प्रेमलता जैथलिया आदि उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव अशोक जैथलिया ने किया।

### सेवा पखवाड़ा में हेलमेट बांटे

**नैनवां** (निसं)। हिण्डोली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा ज़िलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा,विशिष्ट अतिथि ओम धगांल,अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष कल्याण सिंह सौलंकी ने की इस दौरान रक्तदान शिविर संयोजक विक्रम सिंह हाडा ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों,युवाओं व भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ चढकर हिस्सा लिया और 75 यूनिट रक्तदान किया वहीं रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को शिविर संयोजक विक्रम सिंह हाडा कि ओर से सडक सुरक्षा को देखते हेलमेट वितरित किए गए। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सीताराम सैनी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामेश्वर सैनी, प्रभुलाल वर्मा, महामंत्री संजय बरमुण्डा, जितेंद्र सिंह हाडा, रमेश बैरवा, विष्णु योगी, नितेश खटोड, लोकेश, राजेश, महेन्द्र, भैंरूलाल, मनिष, कल्याण सिंह, राधेश्याम मेघवंशी, सुरतान, बंशीलाल सैनी,नन्द किशोर गुर्जर सहित कई कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कार्यक्रम में भाग लिया।

### न्याय की मांग, आमरण अनशन किया

**बूंदी** (निसं)। बूंदी सदर बाजार कहार मोहल्ले में अतिवृष्टि से मकान के क्षतिग्रस्त होने के बाद प्रशासन के द्वारा पीड़ित परिवार की कोई सुध नहीं लेने के विरोध में न्याय की मांग को लेकर परिवार के सदस्य बुधवार से क्षितग्रस्त मकान के बाहर ही आमरण अनशन पर बैठेंगे। रमेश कहार ने बताया कि बुधवार से पीड़ित परिवार के सदस्य रमेश कहार, रूपशंकर कहार, दुर्गा कहार, महावीर कहार,कमलाबाई कहार, रामशोभा बाई, जानकीबाई, रुक्मणी कहार, मोहिनी कहार,डोली कहार कोमल कहार,मंजू कहार आमरण अनशन पर बैठेंगे।राजस्थान बीज निगम के निदेशक चर्मेश शर्मा ने कहा कि उन्होंने भी अतिवृष्टि से क्षितग्रस्त मकान के गरीब पीड़ित परिवार को अनशन में साथ बैठने का वचन दिया है।इसलिये वे और एनएसयूआई शहर अध्यक्ष अमन राठौर भी पीड़ित परिवार के साथ आमरण अनशन पर रहेंगे।

### साहित्यकार ढोडरिया को सम्मानित किया

**छबड़ा** (निसं)। साहित्य मण्डल श्री नाथद्वारा की ओर से आयोजित राष्ट्रीय कहानी प्रतियोगिता में टीकमचन्दर ढोडरिया की कहानी को पुरस्कृत किया गया। यह आयोजन डॉक्टर प्रभात कुमार सिंघल के संयोजन में किया गया था। जिसमें कुल 123 प्रविष्ठियाँ प्राप्त हुई थी। पाँच सदस्यीय निर्णायक मण्डल द्वारा कहानियों का पुरस्कार के लिए चयन किया गया, जिसमें टीकमचन्दर ढोडरिया की कहानी रजनी-गंधा को भी पुरस्कृत किया गया। कोटा में साहित्य मण्डल श्रीनाथ द्वारा एवं हॉप सोसायटी कोटा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ढोडरिया को सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि ढोडरिया की विभिन्न विषयों पर अभी सात पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनकी रचनाएं देश विदेश की पत्र प्रतिकाओं प्रकाशित होती रहती है। आकाश वाणी एवं दूरदर्शन केन्द्रों से भी रचनाएँ प्रसारित होती रहीं हैं।

### शहरी सेवा शिविर आज

**बूंदी** (निसं)। शहरी सेवा शिविर के लिए निर्धारित कार्यक्रमानुसार बूंदी नगर परिषद में 24 सितंबर को वार्ड संख्या 9, 10, 12, 13 व 14 के लिए पुरानी नगर परिषद, लाखेरी नगर पालिका क्षेत्र में वार्ड संख्या 9 व 10 के लिए अम्बेडकर भवन सुभाष सर्किल, हिण्डोली नगर पालिका में वार्ड संख्या 06 के लिए नगरपालिका कार्यालय हिण्डोली में, इन्द्रगढ नगर पालिका में वार्ड संख्या 6 के लिए नगर पालिका कार्यालय परिसर इन्द्रगढ में शिविर आयोजित होंगे। इसी तरह नगर पालिका देई में वार्ड संख्या 06 के लिए नगर पालिका कार्यालय देई में, नगर पालिका केशवरायपाटन में वार्ड संख्या 5 के लिए चामुण्डा माता जी मंदिर, नगर पालिका कापरेन में वार्ड संख्या 6 के लिए रैन बसेरा बस स्टेण्ड कापरेन तथा नगर पालिका नैनवां में 24 सितंबर को वार्ड संख्या 7 व 8 के लिए नगरपालिका कार्यालय नैनवां में शिविर लगाए जाएंगे।

### स्कूल में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**छबड़ा** (निसं)। बापचा पुलिस ने बापचा स्कूल में ताला तोडकर एलईडी टीवी व इन्वर्टरचुराने के आरोपी को गिरफ्तार किया। बापचा थानाधिकारी बुद्धराम जाट ने बताया कि एक सितम्बर को उच्च माध्यमिक विद्यालय बापचा के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार मीणा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 26 अगस्त को स्कूल की पुरानी बिल्डिंग से अज्ञात लोगो द्वारा कमरे का ताला तोड़कर टीवी तथा एक इन्वर्टर लुमिनस चोरी कर ली थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए गठित की गई टीम ने जगदीश ऐरवाल (37) पुत्र बद्रीलाल निवासी बापचा को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। जिसके कब्जे से चुराए गए एलईडी टीवी व इन्वर्टर को बरामद किया। आरोपी से अन्य चोरी की घटनाओ के संबंध में अनुसंधान जारी है।

### शिविर आयोजित, कई मामले निपटाए

**छबड़ा** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे आमजन से संबंधित कार्यों का त्वरित एवं निर्धारित समय अवधि मे निस्तारण किया जाएगा। साथ ही राज्य सरकार द्वारा आवेदको द्वारा जमा किये जाने वाली राशि मे भी छूट देकर आमजन को राहत प्रदान की जा रही है। ईओ यादवेंद्र यादव के अनुसार को मंगलवार को इंद्रा कॉलोनी के सामुदायिक भवन (दवाई बस्ती) मे शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे नियमन पट्टे के 2, स्ट्रीट लाईट 21 मुख्यमंत्री स्वनिधि के 3, नाम हस्तान्तरण के 7, प्रधानमंत्री स्वनिधि के 1, रसद के 7, विद्युत विभाग के 6, पेंशन के 2, खाद्य सुरक्षा केन3, जनस्वास्थ अभियंत्रिकी विभाग के 11 एवं कुल 16 विभागो द्वारा शिविर मे आमजन की समस्याओ का निस्तारण किया गया।

### श्रद्धांजलि दी

**छबड़ा** (निसं)। वक्फ बोर्ड चेयरमैन ख़्वानु खान बुधवाली मंगलवार को छबड़ा पहुंचे, यहां उन्होंने कांग्रेस नेता व पूर्व सरपंच बुलंद इकबाल की माता को श्रद्धांजलि दी तथा परिजनों को ढांढस बंधाया। वक्फ कमेटी छबड़ा के सदर साजिद खान ने बताया की वक्फ बोर्ड चेयरमैन ख्वानुखान बुधवाली ने मंगलवार को छबडा पहुंच कर कांग्रेस नेता व पूर्व सरपंच बुलंद इकबाल की माता के निधन पर उनके निजी आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि देकर परिजनों को ढांढस बंधाया। इसके बाद उन्होंने समाज के लोगो से मुलाकात कर वक्फ से संबंधित मामलों पर चर्चा की। इस दौरान उनके साथ जिला वक्फ कमेटी बूंदी चेयरमैन इकरामुद्दीन बबलू, जिला वक़्फ़ कमेटी टोंक के चेयरमैन मिर्ज़ा मतीन बेग़, द हेल्पिंग हेंड कोटा के अध्यक्ष अफरोज खान व मौलाना आजाद मानव सेवा संस्थान परिवार के अध्यक्ष शेख बहादुर मौजूद रहे।

### दो आरोपी गिरफ्तार

**छबड़ा** (निसं)। पुलिस द्वारा 4 साल से फरार चल रहे दो जिला स्तरीय आरोपी को गिरफ्तार किया। जिन पर एक-एक हजार रुपए का इनाम घोषित था। सीआई राजेश खटाना ने बताया किनरशी उर्फ नरेश (40) पुत्र मानसिंह किराड निवासी बमौरी जिला गुना व बालस्वरूप किराड (52) पुत्र भगवानसिंह निवासी होडीपुरा झागर थाना धरनावदा जिला गुना म.प्र को गिरफ्तार किया गया।

# बाल श्रम व नशीले पदार्थों की बिक्री पर रहे कड़ी निगरानी : जिला कलेक्टर

**कोटा,** (निसं)। जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं सम्बद्ध समितियों की त्रैमासिक बैठक जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला बाल संरक्षण ईकाई पीयूष समारिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में बाल संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों को प्रभावी बनाने और बाल हित में श्रेष्ठ कार्य करने के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी विद्यालयों में सुझाव अथवा गरिमा पेटिका ऐसी जगह पर लगाई जाए जहाँ बच्चे आसानी से पहुंच सकें तथा अपनी शिकायत डाल सकें। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर में चाईल्ड हैल्पलाईन 1098 की जानकारी आवश्यक रूप से प्रदर्शित की जाए। बाल श्रम के प्रकरणों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि ऐसे स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी जाए ताकि बालश्रम ना हो पाए।



कोटा जिला कलेक्टर ने त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं।

बच्चों में बीच नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम पर चर्चा कर निर्देश दिए कि ऐसे पदार्थों के विक्रय पर सघन निगरानी रहे तथा सभी मेडिकल दुकानों पर सी.सी.टी.वी कैमरे आवश्यक रूप से लगवाने के निर्देश दिये। माध्यमिक एवं प्रारिम्भक शिक्षा द्वारा गुड टच-बेड टच का प्रशिक्षण देने, सुझाव पेटी की अनुपालना, चाईल्ड राईट क्लब की कार्यवाही की जानकारी लेकर इन्हें प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत दर्ज प्रकरणों व चालान की स्थिति, दर्ज प्रकरणों में अभियोजन की प्रगति की समीक्षा, पीड़ित बच्चे एवं परिवार को मनोवैज्ञानिक परामर्श काउसंलिग विधिक सहायता एवं गवाह संरक्षण की उपलब्धता की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। गुमशुदा बालकों के दस्तयाब पर मानव तस्करी विरोधी यूनिट से चर्चा, चाईल्ड हेल्पलाईन की प्रगति की जानकारी ली गई। बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड में लम्बित प्रकरणों पर भी चर्चा की गई। राजकीय एवं गैर राजकीय बाल गृहों व आश्रय गृहों की प्रगति, बच्चों के सम्पूर्ण पुनर्वास पर चर्चा की गई। राजकीय बालिका गृह में शारीरिक शिक्षक लगाने के निर्देश दिए गए।

सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई रामराज मीना ने विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी दी। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त राजस्थान पोस्टर का विमोचन किया गया तथा बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई गई।

बैठक में अति. जिला कलेक्टर कृष्णा शुक्ला, सीईओ जिला परिषद कमल कुमार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की संयुक्त निदेशक सविता कृष्णिया, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजेन्द्र राठौड़ व सदस्यगण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेन्द्र नागर, राजकीय बालिका गृह अधीक्षक अन्शुल मेहन्दीरत्ता, बाल संरक्षण अधिकारी दिनेश शर्मा सहित श्रम विभाग, एक्साइज विभाग, स्काउट गाईड से उपप्रधान यज्ञदत्त हाड़ा, सृष्टि सेवा समिति से भूपेन्द्र सिंह, चाईल्ड हेल्पलाईन काउन्सलर महिमा पांचाल एवं राजकीय-गैर राजकीय बाल देखरेख संस्थानों के अधीक्षक उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा के तहत जागरूकता रैली निकाली

**कोटा,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस की कड़ी में "सेवा पखवाड़ा" के अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के मुख्य आतिथ्य व रामपुरा गांधी चौक पुरानी धानमण्डी व्यापार संघ अध्यक्ष प्रशांत जैन, सचिव निशान कोठारी, संरक्षक रमेश आहूजा के सानिध्य में रामपुरा गाँधी चौक परिसर में आमजन में कढ़ी एवं चावल का वितरण एवं जागरूकता रैली निकालकर व्यापारियों से स्वदेशी उत्पादों को खरीदने व बेचने का आव्हान करते हुए स्वदेशी जागरूकता के लिये पत्रकों का वितरण कर दुकानों पर स्टिकर लगाए गए।

जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी कोटा शहर द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत मनाया जा रहा हैं। सेवा पखवाड़ा की कड़ी में रामपुरा पुरानी धानमण्डी में दुकान-दुकान पर जाकर, व्यापारियों से मिलकर नई जीएसटी बचत उत्सव के तहत होने वाले लाभ से अवगत करवाया गया। स्वदेशी उत्पाद खरीदने व बेचने के लिये आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जीएसटी दरों में सुधार कर एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया हैं, इससे आमजन को राहत व देश मजबूत बनेगा। जैन ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी आह्वान किया है कि राष्ट्र प्रथम की भावना से, देश को मजबूत बनाने के लिये, देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिये, देश को विकसित भारत बनाने के लिये, मेक इन इंडिया व वॉकल फोर लोकल पर जोर देना होगा, भारतीय उत्पादों को खरीदना व बेचना है, जिससे भारत की दूसरे देशों पर निर्भरता कम होती जायेगी।


**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान**
राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल-कोटा
Website : www.kotamc.org, Email : nnksouth@gmail.com

क्रमांकः- ननि (दक्षिण) को/रा.मे.द./2025/8706-707 दिनांकः- 20.09.2025

-:: आम-सूचना ::-

-:: मेला दशहरा 2025 ::-

132वाँ राष्ट्रीय मेला दशहरा 2025 में मेला प्रांगण के ईस्ट, वेस्ट, नोर्थ जोन में चिंहित स्थानों पर साईज अनुसार फुटपाथ एवं जमीन पर अस्थाई भूमि वर्ष 2025 मेला अवधि (17.10.2025) तक के लिए ठैला, पाटा, मनिहारी एवं अन्य व्यवसायीयों की दिनांक 24.09.2025 से सीमित चिन्हित स्थानों पर "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर रसीदें जारी की जावेगी।

उपायुक्त राजस्व

राज.संवाद/सी/25/10728



**कार्यालय नगर पालिका सांगोद जिला कोटा ( राज. )**

क्रमांक/न.पा.सा/भूमि/2025-26/2539-40 दिनांक:-23.09.2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि नगर पालिका सांगोद में निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा पट्टा (कृषि भूमि नियमन) के प्रयोजनार्थ हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। अत: निम्नानुसार व्यक्ति के आवेदन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो नगर पालिका कार्यालय में 7 दिवस में मय दस्तावेज अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा बाद मियाद एकतरफा कार्यवाही कर दी जावेगी।

| क्र. सं. | नाम/पिता/पति का नाम व पता | कालोनी का नाम | खसरा नं. | साईज (वर्गमीटर) | चतुर्थ सीमाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
| 1 | श्री असलम हुसैन आत्मज रफीक मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी सांगोद | शहीद अब्दुल हमीद नगर | पुराना 1619 नया 1852 प्लांट नं. 52A | 26.58 (31.77 वर्गगज) | प्लांट नम्बर 52B | रास्ता 30 फीट | रास्ता 30 फीट | प्लांट नम्बर 53 |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका सांगोद



**कार्यालय नगर पालिका सांगोद जिला कोटा ( राज. )**

क्रमांक/न.पा.सा/भूमि/2025-26/2541-42 दिनांक:-23.09.2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि नगर पालिका सांगोद में निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा पट्टा (कृषि भूमि नियमन) के प्रयोजनार्थ हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। अत: निम्नानुसार व्यक्ति के आवेदन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो नगर पालिका कार्यालय में 7 दिवस में मय दस्तावेज अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा बाद मियाद एकतरफा कार्यवाही कर दी जावेगी।

| क्र. सं. | नाम/पिता/पति का नाम व पता | कालोनी का नाम | खसरा नं. | साईज (वर्गमीटर) | चतुर्थ सीमाएं | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
| 1 | श्री एजाज हुसैन आत्मज रफीक मोहम्मद जाति मुसलमान निवासी सांगोद | शहीद अब्दुल हमीद नगर | पुराना 1619 नया 1852 प्लांट नं. 52B | 26.58 (31.77 वर्गगज) | प्लांट नम्बर 46 | प्लांट नम्बर 52A | रास्ता 30 फीट | रास्ता 30 फीट |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका सांगोद


# कोटा दशहरा मेला में मुशायरा, गजल संध्या, कव्वाली जैसे साहित्य कार्यक्रमों को पुन: शुरू करवाये जाने की मांग

**कोटा,** (निसं)। मुशायरा, गजल संध्या, कव्वाली के कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर 23 सितंबर मंगलवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी कोटा के पदाधिकारियों की ओर से शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने जिला कलेक्टर पीयूष समारिया को दशहरा मेला में साहित्य कार्यक्रमों को पुन: शुरू करवाने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन पत्र में शहर जिला अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी सहित वरिष्ठ नेताओं ने राष्ट्रीय दशहरा मेला में अखिल भारतीय मुशायरा, गजल संध्या, कव्वाली जैसे साहित्य व देश-प्रेम से भरपूर कार्यक्रमों को पुन: शुरू करवाया जाने की मांग की। त्यागी ने कलेक्टर पियूष समारिया को स्पष्ट शब्दों में कहा कि हाड़ौती के लाखों लोगों की भावना को ध्यान में रखते हुए कोटा मेला दशहरा में पूर्व की भांति अखिल भारतीय मुशायरा, गजल संध्या, कव्वाली जैसे साहित्य व देश-प्रेम से भरपूर कार्यक्रमों को पुन: शुरू करवाया जाये और नहीं तो नगर निगम प्रशासन अपनी हठधर्मिता अपनाते रहे तो शीघ्र ही कांग्रेस का कार्यकर्ता चुप नही बैठेगा और नगर निगम पर आन्दोलन करेगा। त्यागी ने बताया कि नगर निगम प्रशासन दुर्भावनापूर्ण इन कार्यक्रमों को खत्म करके गलत परम्परा का निर्वहन कर रहा है, मुशायरा, गजल संध्या एवं कव्वाली में राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार शामिल होते थे जिससे कोटा मेला दशहरा की ख्याती (प्रसिद्धि) राष्ट्रीय स्तर के रूप में जानी जाती थी। उन्होंने ज्ञापन पत्र में कहा कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कोटा दशहरा मेला हमारा रियासतकालीन मेला है, यह हमारी सांस्कृतिक पहचान के रूप में हर वर्ष मनाया जाता है।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री हुकम चन्द वर्मा व श्री विक्रम कुमावत पुत्र श्री नवरंग लाल वर्मा निवासी आवास संख्या 860 केशवपुरा-4 कोटा (राज.) द्वारा उनके स्वामित्व के आवास संख्या 860 केशवपुरा-4 कोटा (राज.) क्षेत्रफल 450 वर्गफीट को रहन रखकर जना स्मॉल फाईनेंस बैंक से ऋण प्राप्त किया जा रहा है।

यह कि श्री हुकम चन्द वर्मा व श्री विक्रम कुमावत को उक्त आवास श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री नवरंग लाल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड उपहार पत्र प्राप्त हुआ है। उक्त आवास से संबंधित नगर विकास न्यास कोटा द्वारा जारी पट्टा (लीज डीड) कही खो गया है।

यह कि श्री हुकम चन्द वर्मा व श्री विक्रम कुमावत द्वारा उक्त सम्पत्ति को रहन रखकर जना स्मॉल फाईनेन्स बैंक शाखा कोटा से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उक्त सम्पत्ति को रहन करने के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य को किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 7 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय
कमल गुप्ता एडवोकेट
एम.पी.ए. 53 महावीर नगर द्वितीय कोटा
मो. 9414288889


# 'कोटा में नए न्यायालय भवन का निर्माण जनवरी-2026 से शुरू होगा'

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को अभिभाषक परिषद कोटा द्वारा आयोजित शेड फ्लोरिंग कार्य के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जिला एवं सत्र न्यायालय के नए भवन को लेकर चल रही तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि भवन का निर्माण कार्य जनवरी 2026 से शुरू कर दिया जाएगा।

**सेना की आपत्तियों का समाधान निकलेगा:-** बिरला ने कहा कि निर्माण को लेकर सेना की ओर से कुछ आपत्तियाँ आई हैं, जिन पर बातचीत चल रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आपसी संवाद से शीघ्र ही समाधान निकाल लिया जाएगा।

सरकार और संबंधित विभाग इस दिशा में सक्रिय हैं और सभी पक्षों की सहमति से रास्ता तय कर जनवरी 2026 तक काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना अधिवक्ताओं और जनप्रतिनिधियों की आपसी सहमति और राय से ही आगे बढ़ाई जाएगी।

**आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा भवन:-** लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि नया न्यायालय भवन अधिवक्ताओं, न्यायाधीशों और आम नागरिकों, सभी की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। यह भवन आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से युक्त होगा, ताकि दूर-दराज से आने वाले फरियादियों को सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका की मजबूती ही लोकतंत्र की असली ताकत है और यह भवन उसी दिशा में एक अहम कदम साबित होगा।

इस अवसर पर विधायक संदीप शर्मा, जिला न्यायाधीश सत्यनारायण व्यास, अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष मनोज पुरी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, न्यायालय कर्मचारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। ग्रामीण इलाके के अयाना पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 1 किलो 84 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध हथियार व अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि पुलिस उप अधीक्षक इटावा शिवम जोशी के सुपरविजन में अयाना थाने के उप निरीक्षक उम्मेद सिह ने मय जाप्ता इलाके के चाण्दा नहर के समीप चैंकिग के दौरान बाईक सवार को रोककर संदेह होने पर तलाशी ली तो आरोपी के पास से अवैध मादक पदार्थ 1 किलो 84 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए मोटरसाइकिल को जब्त कर सिमलिया, माल बमोरी थाना मांगरोल निवासी राधेश्याम (50) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।


**पश्चिम मध्य रेल**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि.मंडल विधुत अभियंता (सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्याः** ईएल/50/276/2025-26 **कार्य का नामः** कोटा डिवीजन- किर्लोस्कर मेक के पावर कार के डीए सेटों की एस्कॉर्टिंग, एन-रुट ऑपरेशन, समस्या निवारण, LSLRD और 500 केवीए (केओईएल मेक) के डीजी सेट ("बी", -"सी", और "डी" अनुसूची रखरखाव) इसके साथ ही कोटा डिवीजन के प्राथमिक रखरखाव वाले रेक की पावर कारों में दो साल की अवधि के लिए लगे सामान के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **अनुमानित लागत (1/4 रु. में):** 2,79,42,092.02, **बयाना राशि (रु. में)** 2,89,700/-, **कार्य समाप्ति अवधिः** 24 माह, **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समयः** 13.10.2025 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे, ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ़ लें। **(हस्ता.)**

**वरि. मंडल विधुत अभियंता (सामान्य)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर


# 'समाज के अंतिम छोर तक उत्कृष्ट सेवा ही लक्ष्य'



आरबीएसके टीम के द्वारा गंभीर हृदय रोगी मासूम बच्चे का ऑपरेशन करवाया है।

**कोटा,** (निसं)। मंडाना निवासी एक मजदूर दंपति का छह माह का पुत्र मानविक, गंभीर हृदय रोग से पीड़ित होकर जीवन-मृत्यु के बीच झूल रहा था। सांस फूलने और कमजोर शारीरिक वृद्धि के चलते परिवार निराश हो चुका था। तभी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) टीम ने इस नन्ही जान को जीवन की मुख्यधारा से जोड़ने का बीड़ा उठाया।

खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कोटा डॉ. प्रभाकर व्यास के नेतृत्व में कार्यरत आरबीएसके टीम की चिकित्सक डॉ. रुचि चित्तौड़ा एवं डॉ.परवेज अख्तर ने सघन निरीक्षण के दौरान मानविक की गंभीर स्थिति को पहचाना। आवश्यक जांचों में पता चला कि बालक के दिल में छेद है और उपचार के लिए ऑपरेशन अनिवार्य है। स्थिति संज्ञान में आते ही डॉ.व्यास ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटा डॉ.नरेंद्र नागर, आरसीएचओ डॉ.रमेश करगवाल और सीएचसी मंडाना प्रभारी डॉ.नरेश मेवाडा से सामंजस्य स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही शुरू करवाई। तत्पश्चात 23 जून 2025 को सुधा हॉस्पिटल में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पलकेश द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। लंबे फॉलो-अप के बाद अब मानविक पूरी तरह स्वस्थ है और परिवार के लिए खुशियों का सहारा बन गया है। इस बीच, लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी लगातार बच्चे की स्थिति से लेकर उपचार एवं ऑपरेशन पश्चात स्वास्थ्य लाभ तक जानकारी लेती रही। हाल ही में मंडाना में आयोजित मेगा शिविर के दौरान उन्होंने मानविक के परिवार से भेंटकर बच्चे को कपड़े, उपहार और स्वस्थ भविष्य का आशीर्वाद दिया। कल्पना देवी ने कहा कि हमारा लक्ष्य समाज के अंतिम छोर तक अभावग्रस्त व्यक्ति को उत्कृष्ट सेवा उपलब्ध कराना है। इसके लिए हम पूर्णतया कटिबद्ध हैं।


**कार्यालय नगर पालिका अन्ता जिला-बारां ( राज. )**

क्रमांक:-न.पा.अ./भूमि/2025/967-970 दिनांक-28.7.2025

प्ररूप-10 ( नियम 6 ( 7 ) देखिए )

**लोक सूचना**

श्री मोहम्मद इकबाल पुत्र श्री नन्हे खॉ जाति मुसलमान निवासी अन्ता जिला बारां (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के व्यवसायिक उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| जिला-बारां तहसील-अन्ता | राजस्व ग्राम बमोरी अन्ता पटवार हल्का बमोरी अंता, तह. अन्ता | 667 रकबा 1.77 है. | 501.51 वर्गमीटर |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुर्क्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज....को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी नगरपालिका अन्ता



**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 1717 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 23.9.25

भूखण्ड संख्या 1-एम-41ए महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री महेश गुप्ता पुत्र श्री रमेश चन्द गुप्ता को किया गया था। इस भूखण्ड का पंजीयन श्री महेश गुप्ता पुत्र श्री रमेश चन्द गुप्ता के नाम दिनांक 26.04.2017 को अपने पक्ष में करवाया किया गया। पंजीयन उपरांत श्री महेश गुप्ता पुत्र श्री रमेश चन्द गुप्ता द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 12.07.2024 को श्री कुशल बोहरा पुत्र श्री राम किशोर बोहरा एवं श्रीमती अम्बिका बोहरा पुत्री श्री धुलीचन्द बोहरा पत्नी श्री कुशल बोहरा को संयुक्त रूप से किया गया। श्री कुशल बोहरा पुत्र श्री राम किशोर बोहरा एवं श्रीमती अम्बिका बोहरा पुत्री श्री धुलीचन्द बोहरा पत्नी श्री कुशल बोहरा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या 1-एम-41ए महावीर नगर विस्तार योजना, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में संयुक्त रूप से दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त भूखण्ड के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री कुशल बोहर पुत्र श्री राम किशोर बोहरा एवं श्रीमती अम्बिका बोहरा पुत्री श्री धुलीचन्द बोहरा पत्नी श्री कुशल बोहरा का नाम संयुक्त रूप से दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त भूखण्ड के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री कुशल बोहरा पुत्र श्री राम किशोर बोहरा एवं श्रीमती अम्बिका बोहरा पुत्री श्री धुलीचन्द बोहरा पत्नी श्री कुशल बोहरा का नाम संयुक्त रूप से दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त भूखण्ड के मण्डल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री कुशल बोहरा पुत्र श्री राम किशोर बोहरा एवं श्रीमती अम्बिका बोहरा पुत्री श्री धुलीचन्द बोहरा पत्नी श्री कुशल बोहरा के नाम संयुक्त रूप से दर्ज कर दिया जाएेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा



**कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां**

क्रमांक:-न.पा.छ./2025/4472 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-20.9.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 03 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम | खसरा सं. | स्थान/कालोनी का नाम | भूखंड सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मीना बाई पत्नी श्री परमानन्द गुर्जर जाति गुर्जर निवासी गांधी नगर छबड़ा जिला (बारां) | 162 | सरस्वती कालोनी छबड़ा | 149 | 20x40=800 |

नोट:- उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर होने व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा



**कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां**

क्रमांक:-न.पा.छ./2025/4475 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-20.9.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 03 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम | खसरा सं. | स्थान/कालोनी का नाम | भूखंड सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रामभरोस आत्मज श्री माणकचंद माली जाति माली निवासी लोटा भैरु छबड़ा जिला (बारां) | 588 | भगवती विहार कालोनी | 06 | 20x40=800 |

नोट:- उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर होने व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा



**कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां**

क्रमांक:-न.पा.छ./2025/4447 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-20.9.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 03 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम | खसरा सं. | स्थान/कालोनी का नाम | भूखंड सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती चमेली बाई पत्नी श्री धन्नालाल जाति रैगर निवासी छबड़ा तह. छबड़ा जिला (बारां) | 630 | उज्जवल विहार कालोनी | 54A | 20x40=800 |

नोट:- उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर होने व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा



**कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां**

क्रमांक:-न.पा.छ./2025/4404 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-18.9.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 "क" की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकारी के न्यायधीश रखी गई भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3 (50) यूडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 03 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक/हितबद्ध व्यक्ति का नाम | खसरा सं. | स्थान/कालोनी का नाम | भूखंड सं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री पवन मीणा आत्मज श्री प्रेमनारायण जाति मीणा निवासी ग्राम भीलवाड़ा नीचा तह. छबड़ा जिला (बारां) | 697 | ऑफिसर्स नगर कालोनी | 171A | 20x40=800 |

नोट:- उक्त भूखंड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर होने व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा

